
दिनांक – 08 अगस्त 2025


# राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली में धूमधाम से मनाया गया संस्कृत दिवस व सप्ताह।

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली में संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत दिवस व सप्ताह के उपलक्ष पर 08 अगस्त 2025 को कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ०भारती भागड़ा ने शिरकत की। 06 अगस्त से लेकर 12 अगस्त को समस्त भारतदेश में संस्कृत सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत संस्कृत से संबंधित विभिन्न गतिवधियाँ होती हैं। इस अवसर पर 06 अगस्त 2025 को संस्कृत विभाग द्वारा **संस्कृत अनुवाद प्रतियोगिता** करवाई गई तत्पश्चात 07 अगस्त2025 को **संस्कृत निबन्ध प्रतियोगिता** और **संस्कृत साहित्य से संबंधित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता** करवाई गई। अनुवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर भावना कला स्नातक द्वितीय वर्ष (24531001), द्वितीय स्थान पर कला स्नातक प्रथम वर्ष का योगेश (25503012) रहा। संस्कृत निबन्ध प्रतियोगिता में नेहा शर्मा कला स्नातक द्वितीय वर्ष (24513009) तथा द्वितीय स्थान पर कला स्नातक द्वितीय वर्ष का उमेश (24541001) रहा। पोस्टर मेकिंग में पंकज कला स्नातक द्वितीय वर्ष प्रथम और अमीषा कला स्नातक द्वितीय वर्ष द्वितीय स्थान पर रही। सभी विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। 08 अगस्त 2025 को संस्कृत से संबंधित विभिन्न सांस्कृतिक गतिवधियाँ आयोजित की गई। संस्कृत दिवस के कार्यक्रम में प्रारंभ में विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, उसके बाद विवेक और उसके साथियों ने **जयतु जननी-जन्मभूमि**...... संस्कृत समूहगान प्रस्तुत किया। महक ने संस्कृत भाषा के महत्व पर संस्कृत में भाषण दिया। संस्कृत के कुछ विद्यार्थियों ने **मधुराष्टकम्** भजन भी गाया। कात्यायनी व प्रियंका द्वारा मनमोहक **शास्त्रीय नृत्य** प्रस्तुत किया गया। तदोपरांत ईशान व उसके साथियों के द्वारा **रुद्राष्टकम्** की मधुर प्रस्तुति प्रस्तुत की गई और छात्राओं के द्वारा सुन्दर **संस्कृत नाटी** भी महाविद्यालय के सभागार में की गई। संस्कृत विषय के सह-आचार्य डॉ० राकेश शर्मा ने बताया कि संस्कृत बहुत ही महत्वपूर्ण व प्राचीन भाषा है। हम सभी का दायित्व है कि हमें इस भाषा को संजोए रखना है। संस्कृत भाषा हमारे भारत देश की सबसे प्राचीनतम, अलंकृत, तर्कसम्मत, व्याकरण के नियमों से परिशोधित, परिष्कृत, परिमार्जित, शास्त्रीय तथा वैज्ञानिक भाषा है। संस्कृत भाषा को देववाणी और कई भाषाओं की जननी माना जाता है इस भाषा ने विश्वभर के भाषा विशेषज्ञों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। इस भाषा में धार्मिक-साहित्यिक आध्यात्मिक-दार्शनिक- वैज्ञानिक और मानविकी इत्यादि अनेक प्रकार के वांगमय की रचना हुई है। इस कार्यक्रम की मुख्य-अतिथि महोदया महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ०भारती भागड़ा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया और महाविद्यालय मे अध्ययनरत विद्यार्थियों से संस्कृत भाषा के प्रति रूचि रखने का आवाहन किया और भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की। अंत में संस्कृत साहित्य परिषद् के अध्यक्ष ईशान शर्मा ने कार्यंक्रम में आये हुए मुख्यातिथि सहित सभी महानुभावों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का सफल समापन **राष्ट्रीय गान** के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रो. हिमानी सक्सेना, डॉ. मदन शाण्डिल, डॉ. मीनाक्षी, डॉ.हर्षवर्धन, डॉ आदित्य दुल्टा, डॉ. शिवानी, डॉ. अरुण कुमार तथा प्रो. सतपाल आदि अन्य आचार्यगण तथा साहित्य परिषद क्लब कार्यकारिणी के सभी सदस्य मुख्य रूप से शामिल रहे। संस्कृत दिवस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की तथा कार्यक्रम को सफल बनाया।

डॉ. राकेश शर्मा
सह-आचार्य संस्कृत
राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली
शिमला, हि.प्र.-171006

06 अगस्त 2025, **संस्कृत अनुवाद प्रतियोगिता**














07 अगस्त2025, **संस्कृत निबन्ध प्रतियोगिता**




**संस्कृत साहित्य से संबंधित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता**







08 अगस्त 2025, **संस्कृत दिवस के उपलक्ष में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम**















08-08-2025
संस्कृत विभाग
[उत्कृष्ट महाविद्यालय]
राजकीय महाविद्यालय संजौली


Starlit Soiree
संस्कृत विभाग
[उत्कृष्ट महाविद्यालय]
राजकीय महाविद्यालय संजौली
संस्कृत दिवस समारोह-2025
GPS Map Camera
Shimla, Himachal Pradesh, India
454q+mgc Center Of Excellence College Pincode, Sanjauli, Shimla, Himachal Pradesh 171006, India
Lat 31.106981° Long 77.188559°
08/08/2025 12:37 PM GMT +05:30
Google


Starlit Soiree
08-08-2025
संस्कृत विभाग
[उत्कृष्ट महाविद्यालय]
राजकीय महाविद्यालय संजौली


[उत्कृष्ट महाविद्यालय]
राजकीय महाविद्यालय संजौली


08-08-2025
[उत्कृष्ट महाविद्यालय]


08-08-2025
संस्कृत विभाग
[उत्कृष्ट महाविद्यालय]


GPS Map Camera
Shimla, Himachal Pradesh, India
454q+mgc Center Of Excellence College Pincode, Sanjauli, Shimla,
Himachal Pradesh 171006, India
Lat 31.106988° Long 77.188554°
08/08/2025 12:09 PM GMT +05:30
Google


Starlit Soiree
08-08-2025
संस्कृत विभाग
[उत्कृष्ट महाविद्यालय]
राजकीय महाविद्यालय संजौली


Starlit Soiree
08-08-2025
संस्कृत विभाग
[उत्कृष्ट महाविद्यालय]
राजकीय महाविद्यालय संजौली

# संजौली कॉलेज में अनुवाद स्पर्धा में भावना प्रथम, योगेश रहे द्वितीय

## संस्कृत दिवस पर आयोजन, पोस्टर स्पर्धा में पंकज प्रथम, अमीषा द्वितीय

अमर उजाला ब्यूरो 9-8-25

**शिमला।** राजकीय महाविद्यालय संजौली के संस्कृत विभाग ने शुक्रवार को संस्कृत दिवस मनाया। इसमें कॉलेज प्राचार्य डॉ. भारती भागड़ा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस मौके पर आयोजित अनुवाद प्रतियोगिता में भावना ने पहला और योगेश ने दूसरा स्थान पाया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में नेहा ने पहला और उमेश ने दूसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता में पंकज ने पहला और अमीषा चौहान ने दूसरा स्थान पाया। संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर रंग जमाया। इसकें अलावा संस्कृत भाषण, मधुराष्टक, शास्त्रीय नृत्य, संस्कृत गीतिका एवं संगीत की प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में संस्कृत विभाग की छात्राओं ने संस्कृत में नाटी की प्रस्तुति दी। इसे खूब सराहा गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. भारती भागड़ा ने कहा कि संस्कृत भाषा का धार्मिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक महत्व है। उन्होंने संस्कृत की वर्तमान समय में उपयोगिता को बताया। संस्कृत दिवस के समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. भारती भागड़ा ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

विभाग अध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा ने संस्कृत को भाषाओं की जननी बताते हुए इसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं वैज्ञानिक पक्षों पर सारगर्भित वक्तव्य प्रस्तुत किया।



संजौली कॉलेज में संस्कृत दिवस पर नाटी डालतीं छात्राएं। संवाद

### संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश ने कार्यक्रम का किया संचालन

---

जो स्कूल की खेल प्रतिभा की गहराई ने छात्राओं और प्रशिक्षकों का इस

पंजाब केसरी 9-8-25

# संजौली कालेज में संस्कृत दिवस पर प्रतियोगिताएं आयोजित, विजेता सम्मानित



*शिमला : राजकीय महाविद्यालय संजौली में संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य व शिक्षकों के साथ संयुक्त चित्र में छात्र-छात्राएं। (नरेश)*

शिमला, 8 अगस्त (अम्बादत): राजकीय महाविद्यालय संजौली के संस्कृत विभाग द्वारा शुक्रवार को संस्कृत दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. भारती भागड़ा रहीं।

यह आयोजन संस्कृत विभागाध्यक्ष डा. राकेश शर्मा के संयोजन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

इनमें संस्कृत भाषण, मधुराष्टक, शास्त्रीय नृत्य, संस्कृत गीतिका एवं संगीत की मधुर प्रस्तुतिया प्रमुख रहीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संस्कृत विभाग की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई संस्कृत नाटी रही। प्राचार्या प्रो. भारती भागड़ा ने संस्कृत भाषा के धार्मिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसकी वर्तमान संदर्भ में उपयोगिता को रेखांकित किया।

संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में विगत दिनों विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा. राकेश शर्मा ने संस्कृत को भाषाओं की जननी बताते हुए इसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं वैज्ञानिक पक्षों पर सारगर्भित वक्तव्य प्रस्तुत किया।

### ये रहे विजेता

अनुवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भावना तथा द्वितीय स्थान योगेश ने प्राप्त किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा शर्मा ने तथा द्वितीय स्थान उमेश ने अर्जित किया। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पंकज रहा तथा द्वितीय स्थान अमीषा चौहान ने प्राप्त किया। सभी विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### संजौली कालेज में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर एड्स जागरूकता

**प्रतियोगिता :** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व संध्या पर संजौली कालेज के रैड रिबन क्लब ने एच.आई.वी. एड्स शिक्षित करें, सशक्त करें, उन्मूलन करें विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस आयोजन में छाता पेंटिंग, पत्थर पेंटिंग, पोस्टर निर्माण और रंगोली जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें विभिन्न विभागों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

# संजौली कॉलेज में संस्कृत दिवस का आयोजन

9-8-25




शिमला। शिमला के संजौली कॉलेज में शुक्रवार को संस्कृत दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. भारती भागड़ा ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। यह आयोजन संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इनमें संस्कृत भाषण, मधुराष्ट्र, शास्त्रीय नृत्य, संस्कृत गीतिका एवं संगीत की मधुर प्रस्तुतियां प्रमुख रहीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संस्कृत विभाग की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई संस्कृत नाटी रही। प्राचार्या प्रो. भारती भागड़ा ने संस्कृत भाषा के धार्मिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक महत्व पर अपने विचार रखे। बीते दिनों कॉलेज में संस्कृत दिवस पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी करवाई गईं। इसमें अनुवाद प्रतियोगिता में पहला स्थान भावना और दूसरा स्थान योगेश ने प्राप्त किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में पहला स्थान नेहा शर्मा और दूसरा स्थान उमेश ने अर्जित किया। साथ ही पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में पहले स्थान पर पंकज रहा और दूसरा स्थान अमीषा चौहान ने प्राप्त किया। इस दौरान सभी विजयी छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा ने संस्कृत को भाषाओं की जननी बताते हुए इसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं वैज्ञानिक पक्षों पर वक्तव्य प्रस्तुत किया। हिमाचल दस्तक

---

**आयोजन** राजकीय महाविद्यालय संजौली के संस्कृत विभाग ने मनाया संस्कृत दिवस

दिव्य हिमाचल 09-08-25

# निबंध प्रतियोगिता में नेहा शर्मा प्रथम

सिटी रिपोर्टर-शिमला



राजकीय महाविद्यालय संजौली के संस्कृत विभाग द्वारा शुक्रवार को संस्कृत दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो भारती भागड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। यह आयोजन संस्कृत विभागाध्यक्ष डाक्टर राकेश शर्मा के संयोजन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इनमें संस्कृत भाषण, मधुराष्टक, शास्त्रीय नृत्य, संस्कृत गीतिका एवं संगीत की मधुर प्रस्तुतियां प्रमुख रहीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संस्कृत विभाग की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई संस्कृत नाटी रही। प्राचार्या प्रो भारती भागड़ा ने संस्कृत भाषा के धार्मिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसकी वर्तमान संदर्भ में उपयोगिता को रेखांकित किया। संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में विगत दिनों विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें अनुवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भावना और द्वितीय स्थान योगेश ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा शर्मा ने और द्वितीय स्थान उमेश ने अर्जित किया। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान पर पंकज और द्वितीय स्थान अमीषा चौहान ने प्राप्त किया। सभी विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ राकेश शर्मा ने संस्कृत को भाषाओं की जननी बताते हुए इसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं वैज्ञानिक पक्षों पर सारगर्भित वक्तव्य प्रस्तुत किया।